

एक सत्र में 20 से ज्यादा तैराक नहीं ले पाएंगे हिस्सा

## स्विमिंग पूल खोलने को लेकर खेल मंत्रालय ने जारी की एसओपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने कंटेनमेंट जोन के बाहर स्विमिंग पूल खोलने को लेकर स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (व्) जारी कर दी है। इसके अनुसार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल में एक विशेष सत्र के दौरान अधिकतम 20 तैराक प्रशिक्षण ले सकते हैं। इसके अलावा तैराकों को अनिवार्य स्व घोषणा करनी होगी, वहीं स्थानीय ट्रेनर्स को कोविड–19 की नेगेटिव रिपोर्ट देनी होगी। इसके बाद ही उन्हें परिसर में घुसने की इजाजत मिलेगी। खेल मंत्रालय द्वारा जारी एसओपी के अनुसार 50 मीटर और 10 लेन के आकार वाले स्विमिंग पूल में 20 तैराक और 25 मीटर व आठ लेन वाले स्विमिंग पूल में 16 तैराक हिस्सा ले सकते हैं। खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय के परामर्श के बाद स्विमिंग पूल में प्रशिक्षण की बहाली के लिए एसओपी जारी किया। खेल मंत्रालय द्वारा जारी एसओपी सभी भारतीय खेल प्राधिकरण और गैर–साइ केंद्रों पर लागू होता है, जहां खिलाड़ियों का प्रशिक्षण फिर से शुरू हो सकता है। बशर्ते कि स्थानीय अधिकारियों द्वारा इसे बंद रखने के लिए कोई आदेश जारी न हो।

एसओपी के अनुसार केंद्र के प्रमुख, कोच व प्रभारी की जिम्मेदारी है कि वे प्रशिक्षण प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। खिलाड़ियों और कर्मचारियों द्वारा परिसर में फिर से ट्रेनिंग शुरू करने से पहले संक्रमण–मुक्त स्थिति की जानकारी कोविड टास्क फोर्स के अधिकारियों को प्रदान करनी होगी। कोरोना वायरस के कारण देशभर में स्विमिंग पूल मार्च से बंद थे। अब इन्हें कंटेनमेंट जोन के बाहर के क्षेत्रों में 15 अक्टूबर से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए फिर से खोलने की अनुमति दी गई हैं।

# दबाव में रणनीति के मुताबिक नहीं खेल पा रहे हैंः स्टीव स्मिथ

**क्रिकेट**

## राजस्थान के कप्तान ने बताया, क्यों मिली लगातार चौथी हार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शारजाह। स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स को गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी हार मिली और उसे दिल्ली कैपिटल्स ने 46 रन से मात दी। स्मिथ ने हार के बाद स्वीकार किया कि वे दबाव में रणनीति के मुताबिक नहीं खेल पा रहे हैं।

राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स से 46 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिसके बाद स्मिथ ने कहा, 'हम पूरे 40 ओवरों में अच्छा नहीं खेल रहे हैं। हम टुकड़ों में कुछ चीजें अच्छी कर रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से हम दबाव में योजना के अनुसार नहीं खेल पा रहे हैं। मुझे लगता है कि हमने अंत में कुछ रन दे दिए।'

स्मिथ ने टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसने आठ विकेट पर 184 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 19.4 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। स्मिथ ने कहा, 'विकेट इतना अच्छा नहीं था, जैसा यह रहा था। हमनें 10–15 रन ज्यादा दे दिए।' उन्होंने कहा, 'बेन स्टोक्स का आइसोलेशन शुक्रवार को पूरा हो जाएगा, हम इसके अगले दिन खेलेंगे। उसने कोई अभ्यास नहीं किया है लेकिन हमें इसके बारे में बात करनी होगी।'



**रविचंद्रन अश्विन का कमालः** दिल्ली कैपिटल्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आईपीएल–13 के 23वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 46 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भी पहुंच गई। मैच में 22 रन देकर 2 विकेट लेने वाले दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शारजाह के मैदान पर शुक्रवार को दिल्ली ने 8 विकेट पर 184 रन बनाए जिसके बाद स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली रॉयल्स टीम 19.4 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। इस मैच में रविचंद्रन अश्विन ने भी कमाल दिखाया और 22 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। उनके अलावा पेसर कागिसो रबाडा ने 35 रन देकर 3 विकेट लिए। मार्कस स्टॉयनिस ने 2 और एनरिक नोर्त्जे, हर्षल और अक्षर पटेल को 1–1 विकेट मिला।

# राफेल नडाल 13वें खिताब से एक कदम दूर, फेडरर की बराबरी का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। रोलां गैरां के बादशाह राफेल नडाल ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद शुक्रवार को यहां डिएगो श्वार्टजमैन के खिलाफ सेमीफाइनल में लगातार सेटों में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रेकॉर्ड 13वें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। नडाल को अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन से अच्छी चुनौती मिली लेकिन फिर भी वह 6–3, 6–3, 7–6 (7–0) से जीत दर्ज करके 13वीं बार फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे।

**फेडरर का रेकर्ड्ड करेंगे बराबर!** फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच और यूनान के पांचवें वरीय स्टेफनोस सितसिपास के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त नडाल यहां 13वां खिताब जीतने पर रोजर फेडरर के 20 ग्रैंड स्लैम खिताब की रेकॉर्ड की भी बराबरी कर लेंगे। यह उनकी रोलां गैरां पर 100वीं जीत भी होगी। नडाल का फ्रेच ओपन में रेकॉर्ड 99–2 हो गया है।

**नडाल को अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन से अच्छी चुनौती मिली**

**धांसू है रेकॉर्डः** वह कभी यहां सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं हारे हैं और उनका रेकॉर्ड 25–0 है। उन्होंने पिछले दो सप्ताह में सभी 15 सेट जीते लेकिन श्वार्टजमैन के खिलाफ कोर्ट फिलिप चौरटियर पर खेले गये मैच उन्हें थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले सेट में नडाल ने एक बार अपनी सर्विस गंवायी और इसके अलावा तीन अन्य अवसरों पर उन्होंने ब्रेक पॉइंट बचाये। इस स्पेनिश खिलाड़ी ने इससे पहले रोलां गैरां पर अपने पिछले 12 सेमीफाइनल में कभी पहला सेट नहीं गंवाया और उन्होंने अपना यह रेकॉर्ड बरकरार रखा।

**ऐसा रहा मैच का रोमांचः** इस सेट में लंबी रैलियां देखने को मिली। नडाल ने दूसरे और चौथे गेम में वार्टजमैन की सर्विस तोड़ी लेकिन इस बीच तीसरे गेम में उन्होंने अपनी सर्विस भी गंवायी। दूसरे सेट में उन्होंने अर्जेंटीनी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने तीसरे गेम में वार्टजमैन की सर्विस तोड़ी और फिर नौवें गेम में भी ब्रेक पॉइंट लेकर ये सेट अपने नाम किया। वार्टजमैन ने तीसरे सेट में भी कड़ी चुनौती पेश की।

## ऐसी होनी चाहिए पंजाब की प्लेइंग इलेवन, हर्षा भोगले ने दी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूएई में खेले जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब की टीम का बुरा हाल है। केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम अपने पहले 6 मुकाबलों में से 5 मैचों में हार का सामना कर चुकी है, जबकि सिर्फ एक जीत के साथ टीम अंकतालिका में सबसे नीचे यानी 8वें पायदान पर है। कप्तान केएल राहुल और कोच अनिल कुंबले कई बदलाव कर चुके हैं, लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली है। ऐसे में पंजाब की प्लेइंग इलेवन अगले 3 मैचों में कैसी होनी चाहिए, ये हर्षा भोगले ने बताया है।

मशहूर टीवी कॉमेंटेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट हर्षा भोगले ने सातवें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उतरने से पहले किंग्स इलेवन पंजाब को सलाह दी है कि वे क्रिस गेल के साथ मैदान पर उतरें। बता दें कि क्रिस गेल एक ऐसे बल्लेबाज हैं कि अगर उनका बल्ला चला तो फिर पंजाब की जीत सुनिश्चित है। गेल किसी भी बाउंड्री को क्लियर करने में माहिर हैं और उनकी बल्लेबाजी से टीम को नीचे गहराई मिल सकती है और टीम मंयक अग्रवाल या फिर केएल राहुल को नंबर तीन पर भेज सकती है।

## न्यूज डायरी




### जाधव के साथ सीएसके को क्या करना चाहिए, सहवाग ने दी सटीक सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज केदार जाधव ने पिछले छह मैचों में अपने बल्ले से निराश किया है। केदार जाधव रन नहीं बना पा रहे हैं और इसका खमियाजा टीम को भुगतना पड़ा रहा है। केदार की खराब बल्लेबाजी के बाद फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट तो यहां तक कह रहे हैं कि उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया जाना चाहिए, लेकिन टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि एम एस को अपनी टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाना चाहिए। सहवाग ने अपने शो वीरू की बैठक के 21वें एपिसोड में आइपीएल से जुड़ी कई बातों पर चर्चा की। उन्होंने सीएसके और आरसीबी के मैच पर फैंस के सवालों के जवाब दिए साथ ही केदार जाधव को लेकर भी अपनी राय सबके सामने रखी। सहवाग ने कहा कि केदार जाधव पिछले कुछ मैचों में अपने बेस्ट फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं, लेकिन वो एक अच्छे खिलाड़ी हैं जो आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं।

### जीवा को मिली धमकी तो गुस्से में आए इरफान पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एम एस धौनी बुधवार को केकेआर के खिलाफ मैच हार गए थे और उसके बाद सोशल मीडिया के जरिए उनकी पांच साल की बेटी जीवा पर जिस तरह की टिप्पणी गई उसकी जितनी भी आलोचना की जाए वो कम है। एक सच्चा क्रिकेट फैन तो इस तरह की हरकत नहीं कर सकता और जिसने भी ऐसा किया है वो विकृत मानसिकता का ही इंसान होगा। बहरहाल जो कुछ भी हुआ है उसे लेकर क्रिकेटर्स ने भी अपनी राय दी है और सबने एक सुर में इसे बेहद शर्मनाक वाकया करार दिया है। टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी इसे शर्मनाक घटना करार दिया और उन्होंने ट्विट करते हुए लिखा कि, सभी खिलाड़ी मैदान पर अपना बेस्ट देने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार प्रदर्शन खराब हो जाता है, लेकिन इससे किसी को इस बात का अधिकार नहीं मिल जाता कि वो एक छोटी सी बच्ची के लिए अपशब्द का इस्तेमाल करे और उसे धमकी दे।

### बैडमिंटन खिलाड़ी को ब्रिटिश एयरवेज ने डेनमार्क की फ्लाइट में बैठने से रोका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी अजय जयराम ने कहा है कि उन्हें शुक्रवार सुबह बेंगलुरु से डेनमार्क की फ्लाइट में बैठने से रोक दिया गया। जयराम को डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज के लिए रावना होना था। लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत और शुभांकर डे दिल्ली से एयर फ्रांस के विमान से बीती रात रवाना हो गए, जबकि जयराम को शुक्रवार सुबह ब्रिटिश एयरवेज से रवाना होना था। 33 साल के जयराम ने लगातार ट्वीट करते हुए बताया उनके पास सी स्चेनगेन वीजा और कोविड–19 निगेटिव सर्टिफिकेट होने के बाद भी उन्हें नहीं जाने दिया गया।

### फ्रेंच ओपनः पेट्रा क्वितोवा को हरा सोफिया केनिन पहुंची फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सोफिया केनिन ने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की पेट्रा क्वितोवा को मात दी। अमेरिका की 21 साल की केनिन ने 7वीं सीड क्वितोवा को सीधे सेटों में 6–4, 7–5 से हरा फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में केनिन का सामना पोलैंड की युवा खिलाड़ी इगा स्वितेक से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में नादिया पोडोरोस्का को 6–2, 6–1 से हरा कर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई। बीबीसी ने केनिन के हवाले से लिखा, क्वितोवा काफी मुश्किल खिलाड़ी हैं। उनका खेल काफी आक्रामक है और उनकी सर्विस शानदार है। मुझे अपने आप पर गर्व है। यह शानदार मैच था और मैं काफी खुश हूं। केनिन और स्वितेक एक दूसरे के खिलाफ खेली हैं।